DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- millenniumpost WEDNESDAY, 11 DECEMBER, 2024 | NEW DELHI

HIGHLIGHTS DDA'S ROLE IN SHAPING THE CITY

# L-G visits DDA head office, praises staff

OUR CORRESPONDENT



**NEW DELHI:** Lt. Governor of Delhi, V.K. Saxena, on Tuesday, visited the Delhi Development Authority (DDA) Head Office and lauded the agency's staff for their contributions to the holistic development of the city. During his first visit since assuming office as Lt. Governor and chairman of DDA, Saxena emphasised the importance of keeping public interest at the forefront in all decision-making processes.

Highlighting the DDA's role in shaping the city, Saxena commended the authority for its recent initiatives, which have "not only transformed the city's infrastructure but also enhanced its global stature." He specifically noted DDA's efforts in preparing Delhi to host world leaders during the G20 Summit, rejuvenating the Yamuna River, and developing recreational spaces such as Baansera and Asita. Additionally, he lauded the restoration of significant historical landmarks, including Vasudev Ghat, Mehrauli Archaeological Park, and St. James Church, which have added to the city's heritage and appeal.

He also remotely inaugurated a new housing kiosk at the Rajiv Chowk metro station, which aims to assist potential homebuyers by offering information and services related to DDA's housing schemes. This initiative is expected to make the home-buying process more accessible and efficient for citizens. During the event, he also distributed appreciation certificates to DDA officers who played a role in the successful execution of the G20 Summit.

L-G paid floral tributes to the statue of M. Visvesvaraya at Vikas Sadan, encouraged DDA staff to continue their work with a citizen-centric approach. He urged the team to focus on creating urban spaces that prioritize public convenience, enhance amenities, and contribute to a greener city. His remarks included a call for the further development of green spaces and the successful implementation of the Dilli Gramodaya Abhiyan, which aims to improve urban villages in Delhi.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NAME OF NEWSPAPERS-- NEW DELHI | WEDNESDAY | DECEMBER 11, 2024

# BJP targets Arvind Kejriwal with Sheesh Mahal video

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

As the AAP convener Arvind Kejriwal is trying hard to bring back auto rickshaws vote base once again, the Delhi BJP posted a video of "Sheesh Mahal" highlighting his lavish lifestyle at 7 Flag Staff Road bungalow during his tenure as chief minister. The video shared by Delhi BJP president Virendra Sachdeva highlights the extravagant amenities in the house, including a gym, sauna, and Jacuzzi, what he referred to as Kejriwal's "glass palace of debauchery" and a "Sheesh Mahal" (palace of mirrors). Sachdeva claimed that the total cost for marble, granite, and lighting amounts to Rs 1.9 Crore, while installation and civil work cost Rs 1.5 Crore, and the gym and spa equipment and fittings are valued at Rs 35 Lakh.

According to Sachdeva, these features add up to Rs 3.75 Crore, which he claims was funded by taxpayers' money. He juxtaposed the finances of the common man. Sachdeva said that for the same amount of Rs 3.75 crore, a common man could buy 34 of DDA's EWS flats, 15 of their LIG flats, 150 CNG autos, or 326 e-rickshaws.

The Aam Aadmi Party (AAP) leaders strongly rebuffed allegations made by Delhi BJP chief Virendra Sachdeva regarding the former official residence of Arvind Kejriwal when he was the Chief Minister, terming them baseless propaganda by the BJP. Responding to the claims by the Delhi BJP chief on the former official residence which has been dubbed 'Sheesh mahal' by the party, former Delhi Deputy Chief Minister Manish Sisodia launched a scathing attack, saying, "The BJP has no achievements to showcase. "Instead of answering critical questions about mismanagement of funds for schools, mid-day meals, and hospitals in states like Haryana and Uttar Pradesh, they focus on Kejriwal's former official residence. People ask about education and health reforms, they talk about a bungalow."

In the video, Sachdeva criticized Kejriwal for contradicting his earlier promises of living a simple life, stating that the former Chief Minister had previously sworn not to take government housing, vehicles, or security. Sachdeva added, "Those who swear on their children and falsely promise not to take government house, car, and security are now looting the money of Delhi's taxpayers. Meanwhile, the common people of Delhi can only dream of owning a DDA EWS flat or an auto-rickshaw."The BJP also raised concerns over the fact that Kejriwal has yet to formally vacate the official bungalow at 6 Flagstaff Road.

Sachdeva said, "Corruption is the main issue of this election. We will keep saying again and again that Arvind Kejriwal has looted Delhi in 10 years. Today, we have shown you a video of the 'Sheesh Mahal'. Bathroom and gym, facilities like in a seven-star resort, have been built for Rs 4 crore. This was done by a 'Aam Aadmi' (common man) like Arvind Kejriwal in his own house. Arvind Kejriwal has cheated Delhi. He has looted Delhi in the last ten years. Our fight against corruption will continue."

"The people of Delhi are aware. Delhi is the capital of the country. Everyone knows that Arvind Kejriwal, who used to say that I will live in a two-room flat and will not take a government house or bungalow, how did he arrange for things of luxury for himself. Where did he get the money from? This black money from liquor, which could have been spent on the development of Delhi, he has spent it on his luxury," Said Sachdeva.

# LG highlights DDA's contribution to Delhi

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Acknowledging the contribution of Delhi Development Authority (DDA) in the holistic development of the national capital, Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Tuesday advised the authority's staff to keep public interest at the foremost in discharging their official duties. In his maiden visit to DDA HQ since taking charge as Lt Governor Delhi and Chairman DDA, he highlighted remarkable contributions of DDA in the recent past which has transformed its image. These include preparing Delhi to host global dignitaries during the G20 Summit, rejuvenating the Yamuna River, creating recreational green spaces like Baansera and Asita for public use, and restoring significant historical landmarks such as Vasudev Ghat, Mehrauli Archaeological Park, and St. James Church. The Lt Governor remotely inaugurated DDA's Housing kiosk at Rajiv Chowk metro station to provide all necessary help to home buyers. He also distributed certificates to officers who played a critical role in the successful execution of the G20 Summit.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- the pioneer
NEW DELHI | WEDNESDAY | DECEMBER 11, 2024

# SC seeks list of affluent who benefited from illegal tree felling in Delhi Ridge

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

The Supreme Court on Tuesday asked for a list of affluent persons, who reportedly benefited from illegal tree felling in Delhi's Ridge area and sought to know the site plan for afforestation.

A bench of Justices Surya Kant and Ujjal Bhuyan was informed that several affluent persons benefited due to widening of road which entailed massive tree felling.

"We want the list of all those affluent persons, who benefited. We also want to know what is the site plan where afforestation can be done. Whatever damage has been done, needs to be restored. We want all these details," the bench told senior advocate Gopal Sankaranarayanan, representing the petitioner who alleged contempt on part of the officials.

The bench posted the hearing in January, 2025.

On November 7, the top court asked the DDA about the measures undertaken to restore the Delhi Ridge area.

Observing it would introduce a monitoring system to ensure planted trees were surviving, the top court wondered if any independent mechanism was in place to ascertain the number of trees planted.

The ridge is an extension of Aravalli Hill range in Delhi and



a rocky, hilly and forested area. It has been divided into four zones -- south, south-central, central and north -- for administrative reasons. These four zones make up a total of about 7,784 hectare.

The bench was dealing with a plea seeking action against erring officials for the alleged illegal tree felling in the area.

Sankaranarayanan previously said that according to a report of the Forest Survey of India, a total of 1,670 trees were cut, but the DDA claimed it was only 642 trees.


The top court had issued a contempt notice to the DDA vice-chairman for felling of trees for construction of an approach road.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS नई दिल्ली। बुधवार • 11 दिसम्बर • 2024 | राष्ट्रीय सहारा

# घुसपैठियों पर एलजी हुए सख्त विशेष अभियान चलाने का निर्देश

**■ राजधानी के मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने की थी मांग**



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजधानी के संभ्रांत मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर मुख्य सचिव एवं दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर अनधिकृत रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी राजनिवास ने जारी बयान में दी है। पत्र में एलजी सचिवालय ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध दो महीने तक विशेष अभियान चलाने को कहा है। जिससे इन घुसपैठियों को वापस भेजा जा सके। दरअसल बीते सप्ताह हजरत निजामुद्दीन दरगाह के उंलेमा एवं मुस्लिम समाज के नेताओं ने एलजी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था।

ज्ञापन में घुसपैठिए बांग्लादेशियों को लेकर चिंता जताते हुए उन्हें वापस भेजने के लिए अभियान चलाने का आग्रह किया था। ज्ञापन में मुस्लिम नेताओं ने राजधानी के लोगों से आग्रह किया था कि उन्हें कोई भी व्यक्ति किराने पर घर न दे एवं रोजगार दिलाने में मदद न करे। जिन लोगों ने भारतीय दस्तावेज हासिल कर लिए है, उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। ज्ञापन में सरकार से भी आग्रह किया गया था कि उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला नहीं दिया जाए। ज्ञापन की गंभीरता को देखते हुए जल्द विशेष अभियान शुरू करने को कहा है। राजनिवास ने मुख्य सचिव एवं पुलिस आयुक्त को कहा है कि विशेष अभियान की रिपोर्ट नियमित रूप राजनिवास सचिवालय को भेजी जाए।

## डीडीए के अधिकारी अपनाएं नागरिक दृष्टिकोण

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को नागरिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी है। इससे पहले कनॉट प्लेस स्थित राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर ऑन लाइन एक हाउसिंग क्योस्क का उदघाटन किया। एलजी मंगलवार को डीडीए मुख्यालय पहुंचे थे। वहां जी-20 शिखर सम्मेलन में महती भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। उपराज्यपाल ने सिविल इंजीनियरिंग के जनक डॉ एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डीडीए मुख्यालय पहुंचे उप-राज्यपाल ने महत्वपूर्ण योजनाओं का जिक्र करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य की सराहना की।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI -- 11 दिसम्बर, 2024 ▸ बुधवार

जल्द खुलेगा रोशनारा क्लब, डीडीए ने जारी किया नोटिफिकेशन...

# रोशनारा क्लब के पदाधिकारियों के लंबे संघर्ष की हुई जीत

एलजी व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के प्रयास रंग लाए

पूर्व सदस्यों को दो लाख में मिलेगी सदस्यता, एलजी होंगे क्लब के अध्यक्ष



विनय सक्सेना



वीरेन्द्र सचदेवा



अमृतपाल सिंह

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** सेंट्रल दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक रोशनारा क्लब के पूर्व पदाधिकारियों, कर्मचारियों व लोगों को मंगलवार को बड़ी सौगात मिली। रोशनारा क्लब के पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के लंबे संघर्ष के बाद अब यह क्लब जल्द फिर से दोबारा खुलने जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मंगलवार को इसका डिटेल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इसको लेकर क्लब के पदाधिकारियों व पूर्व सदस्य व अन्य कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने एलजी व डीडीए के इस कदम की सराहना की है। डीडीए द्वारा जारी इस नोटिफिकेशन इसमें कहा गया है कि डीडीए के रोशनारा क्लब की चार सदस्यीय एपेक्स बॉडी रोशनारा क्लब के अध्यक्ष एलजी होंगे। इसमें डीडीए उपाध्यक्ष, स्पोर्टस सेक्रेटरी व फाइनेंस सेक्रेटरी सदस्य होंगे। वहीं चार अन्य सदस्य होंगे जो एलजी द्वारा नॉमिनेट किये जाएंगे। साथ ही इस नोटिफिकेशन में क्लब की मेम्बरशिप से जुड़े नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी दी है। इसमें कहा गया कि रोशनआरा क्लब लिमिटेड के पूर्व सदस्यों को पोर्टल खुलने की तिथि से तीन महीने की अवधि के भीतर एक किस्त में दो लाख रुपये जीएसटी की रियायती आजीवन सदस्यता शुल्क का भुगतान करने पर डीडीए रोशनआरा क्लब का सदस्य बनाया जाएगा। इससे पति या पत्नी और 21 वर्ष की आयु तक के आश्रित बच्चे भी क्लब की सुविधाओं का उपयोग करने के हकदार होंगे। क्लब की सुविधाएं सदस्यों और उनके पात्र आश्रितों को अपेक्षित सदस्यता शुल्क जमा करने के बाद ही उपलब्ध होंगी। वहीं पूर्व रोशनआरा क्लब लिमिटेड के सदस्यों के आश्रितों को तीन लाख रुपये + जीएसटी का भुगतान करने पर क्लब के नियमित सदस्य बनने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, यह तभी लागू होगा जब 1 अक्टूबर 2023 तक प्राथमिक सदस्य यानी माता-पिता ने पूर्व रोशनआरा क्लब लिमिटेड में सदस्य के रूप में 10 साल पूरे कर लिए हों और आश्रित की आयु 1 अक्टूबर 2023 तक कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष हो। इसके अलावा उपरोक्त नियम एवं शर्तें रोशनआरा क्लब लिमिटेड या उसके सदस्यों द्वारा डीडीए और उसके अधिकारियों के खिलाफ एक महीने के भीतर सभी अदालती मामलों को वापस लेने और डीडीए को इस बारे में लिखित रूप से सूचित करने के अधीन है। इससे संबंधित पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व मेम्बरशिप की फीस के भुगतान के बारे में जल्द जानकारी साझा की जाएगी।

इस मामले पर क्लब से जुड़े लोगों ने भी खुशी जाहिर की है। क्लब के उपाध्यक्ष अमृतपाल सिंह उर्फ विक्की पालको ने बताया कि यह फैसला काफी राहत देने वाला है। क्लब को दोबारा खुलवाने के लिए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा ने गंभीरता व समर्पण के साथ जो प्रयास किये थे, अब वे रंग ला रहे हैं। क्लब खुलवाने के लिए उन्होंने पदाधिकारियों को साथ लेकर एलजी के साथ कई बार बातचीत की। उन्होंने एलज़ी को पूरी जमीनी हकीकत से अवगत कराया गया। इसके बाद एलजी की पहल पर क्लब खोले जाने की शुरुआत को गई है। यहां बता दें कि 29 सितंबर को डीडीए ने रोशनारा क्लब को अपने कब्जे में लिया था। उस समय डीडीए ने पाया था कि लीज खत्म होने के बाद भी रोशनारा क्लब गलत तरीके से यहां चल रहा था।

## व्यायामशाला के लिए देना होगा 2500 रु. शुल्क

रोशनारा क्लब के मेम्बरों को डीडीए रोशनआरा क्लब द्वारा खेल गतिविधियों, स्विमिंग पूल, व्यायामशाला और कार्ड रूम जैसी सुविधाओं के लिए उपयोगिता शुल्क के रूप में 2500/- रुपये प्रति माह का भुगतान करना होगा। इस शुल्क में बार रूम और डाइनिंग एरिया में सेवाएं शामिल नहीं होंगी, जो सदस्यों को उनके लिए लागू मेनू दरों के अनुसार उपलब्ध होंगी।

## क्लब से जुड़े कर्मचारियों का क्या होगा!

रोशनारा क्लब के जल्द खुलने की उम्मीद के बीच इस क्लब से जुड़े कर्मचारियों व उनके परिजनों के भविष्य को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई। सालों से क्लब में काम करने वाले इन कर्मचारियों को दोबारा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एलजी के नेतृत्व में डीडीए को कोई ठोस उपाय करने चाहिए। हालांकि कर्मचारी दोबारा क्लब खुलने की खबर सुनकर काफ खुश हैं। लेकिन वे अपने रोजगार को लेकर काफी चिंतित है। उनका कहना है कि नोटिफिकेशन में कर्मचारियों के रोजगार को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है।

## क्लब के भ्रष्टाचार की जांच का अब क्या होगा!

रोशनारा क्लब तो जल्द खुल जाएगा लेकिन ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि इससे जुड़ी जांच में डीडीए द्वारा जो भ्रष्टचार पाया गया था। उसका क्या होगा। डीडीए ने क्लब का कब्जा लेने के दौरान डैमेज (नुकसान) का आंकलन किया है। इसके मुताबिक यह नुकसान 2485 करोड़ रुपये के करीब का है। डीडीए इस रकम पर क्लब द्वारा फाइनल पेमेंट होने तक 7 प्रतिशत की दर से एरियर भी देने की बात कही थी। डीडीए के अनुसार 1 मई 2013 से 30 सितंबर 2023 तक का कुल अमाउंट 1588 करोड़ रुपये से अधिक और 1 जनवरी 2018 से 30 सितंबर 2023 तक का अमाउंट 897 करोड़ से अधिक का है। इस तरह कुल अमाउंट 2485 करोड़ से अधिक का अमाउंट है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

amarujala.com

NAME OF NEWSPAPERS-------- नई दिल्ली | बुधवार, 11 दिसंबर 2024 ATED--------------------

# अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ के खिलाफ दिल्ली में चलेगा अभियान

## अगले दो माह प्रशासन और पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई, एलजी ने दिए आदेश

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में अगले दो माह तक अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलेगा।

इसे लेकर उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अगले दो माह विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। इससे पहले हजरत निजामुद्दीन दरगाह और बस्ती हजरत निजामुद्दीन के उलेमाओं और मुस्लिम नेताओं ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की थी। उन्होंने ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी। पत्र में कहा गया कि दिल्ली के प्रमुख उलेमाओं और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिल्ली में मकान किराये पर न देने और न ही किसी भी प्रतिष्ठान में उन्हें रोजगार देने का अनुरोध किया है।

### एलजी ने विकास में डीडीए के योगदान को सराहा



नई दिल्ली। उपराज्यपाल और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष वीके सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने डीडीए के कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली के समग्र विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने डीडीए से नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने और अपने कार्यों में जनहित को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया। ब्यूरो

11 दिसम्बर, 2024 ▶ बुधवार

पंजाब केसरी DELHI

# 13 हजार दिल्लीवालों को मिला संपत्ति का मालिकाना हक

## पीएम उदय योजना के तहत प्रगति की एलजी ने की समीक्षा



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली में पीएम उदय के तहत सिंगल विंडो कैंप से 13 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिला। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पीएम-उदय के तहत सिंगल विंडो कैंप की प्रगति की समीक्षा की, जिसके तहत अनधिकृत कॉलोनियों के 13,300 आवेदकों ने शिविर में आकर सुविधा का लाभ उठाया। प्रधानमंत्री-दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों के लिए आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय) का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करना है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करके उनकी संपत्तियों को कानूनी मान्यता प्रदान करना है। सक्सेना के निर्देश पर, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) इन अनधिकृत कॉलोनियों में 10 प्रसंस्करण केंद्रों पर 30 नवंबर से 29 दिसंबर तक हर सप्ताहांत ये शिविर आयोजित कर रहा है। राज निवास ने अपने बयान में कहा कि सक्सेना ने डीडीए से मिशन मोड पर इस कार्य को करने के लिए कहा है। इन शिविरों में 13,353 आवेदक अपनी संपत्तियों को नियमित करवाने के लिए आए। अधिकांश आवेदकों के आवेदन मौके पर ही स्वीकृत हो गए। कुछ शिविरों में डीडीए अधिकारियों ने लंबी कतारों को हटाने के लिए देर रात तक काम किया। सक्सेना के निर्देश पर 7-8 दिसंबर को आयोजित दूसरे शिविर में संपत्ति पंजीकरण के माध्यम से मालिकाना हक की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए उप-पंजीयक भी मौजूद थे। पिछले सप्ताह नजफगढ़ में एक शिविर में उपराज्यपाल के दौरे के दौरान, कई लोगों ने पहल की सराहना करते हुए उनसे संपत्तियों के लिए मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा देने का अनुरोध किया था।

# रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई से लाभान्वित होने वाले 'संपन्न लोगों' की सूची मांगी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उन संपन्न लोगों की सूची मांगी जिन्हें कथित तौर पर दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से लाभ हुआ और वनीकरण के लिए 'साइट योजना' के बारे में भी जानना चाहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को अवगत कराया गया कि सड़क के चौड़ीकरण के कारण कई संपन्न व्यक्तियों को लाभ हुआ, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई। पीठ ने अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, ''हम उन सभी संपन्न व्यक्तियों की सूची चाहते हैं जिन्हें लाभ हुआ। हम यह भी जानना चाहते हैं कि 'साइट योजना' क्या है जहां वनीकरण किया जा सकता है। जो भी नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जरूरत है। हम ये सभी विवरण चाहते हैं।'' याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अधिकारियों पर अवमानना का आरोप लगाया है। पीठ इस मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी को करेगी। शीर्ष अदालत ने सात नवंबर को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से दिल्ली रिज क्षेत्र को बहाल करने के लिए किए गए उपायों के बारे में पूछा था। रिज क्षेत्र दिल्ली में अरावली पर्वत श्रृंखला का विस्तार है और यह पहाड़ी इलाका एक वन क्षेत्र है। शंकरनारायणन ने पहले कहा था कि भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल 1,670 पेड़ काटे गए, लेकिन डीडीए ने दावा किया कि केवल 642 पेड़ काटे गए थे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, DECEMBER 11, 2024 ---DATED---

# Tree felling in Southern Ridge: Priority is to restore and plant trees, says SC

Dhananjay.Mahapatra
@timesofindia.com

**New Delhi:** The Supreme Court on Tuesday said it would prioritise restoration of Delhi's Southern Ridge, where 1,670 trees were cut by DDA without mandatory prior permission of the SC to widen a road for better accessibility to a super specialty hospital exclusively treating paramilitary forces personnel wounded in operations.

This case has a checkered history as two benches – one headed by Justice B R Gavai followed by another led by Justice A S Oka – initiated contempt proceedings against then DDA vice-chairman Subhasis Panda for illegally felling the trees.

Justice Gavai had referred the case to the CJI saying judicial propriety was not followed by the other bench which decided to go ahead with contempt despite initiation of similar proceedings earlier. It was taken up by a bench headed by then CJI D Y Chandrachud, which had suggested that DDA would plant inside the Ridge double the number of trees cut and 100 times more trees across the national capital territory as part of compensatory afforestation.

When the matter was called for hearing on Tuesday, a bench of Justices Surya Kant and Ujjal Bhuyan, the latter being part of Justice Oka's bench when it had initiated contempt proceedings despite similar proceedings already pending before Justice Gavai bench, said it needed a detailed map where the tree plantation would take place.

> **THE BENCH ASKED**
>
> **What irreversible harm would be caused if access is given to the medical facility meant for paramilitary forces?**

Appearing for DDA, senior advocate Vikas Singh said the restoration work in the area where the trees were cut has been completed. The bench wondered – "What irreversible harm would be caused if access is given to the medical facility meant for paramilitary forces?"

For the petitioner, senior advocate Gopal Sankaranarayanan said the trees were cut on the ruse of granting better access to the super specialty hospital. "The actual purpose was to give road access to farmhouses of rich people living in the area," he alleged.

The bench asked Sankaranarayanan to provide on the next date of hearing "a list of affluent people who would have been benefited from widening of the road and a list of their farmhouses". It posted the matter for further hearing on Jan 7, while asking the DDA to provide maps of areas where the compensatory plantation would be carried out.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times NEW DELHI WEDNESDAY DECEMBER 11, 2024

# SC to examine felling of trees in southern ridge

**Abraham Thomas**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Supreme Court on Tuesday agreed to examine the reasons why Delhi Development Authority (DDA) decided to cut 1,670 trees in the Delhi ridge area for a road construction project after the petitioner who challenged the illegal action alleged that it was done to benefit some private farmhouses in Satbari near Chhattarpur.

A bench headed by justice Surya Kant said that its primary focus is to ensure that the damage done to the ridge is adequately compensated. At the same time, the bench, also comprising justice Ujjal Bhuyan, agreed to go into the allegation made by the petitioner on January 7 and said, "Keep the list of the affluent people having those farmhouses ready with you."

The court was hearing the contempt petition filed by Delhi resident Bindu Kapurea who approached the court in May to point out a lapse on part of DDA to cut the trees without getting the mandatory nod from the top court. Her petition stated that by the time the DDA application seeking permission for felling trees came up for hearing in March, the trees had already been felled and this fact was not made known to the court.

While there was an existing road in that part of the ridge, the DDA application had sought widening of the road, ostensibly to provide access to a multi-speciality hospital for central armed paramilitary forces in Chhattarpur, besides institutions such as SAARC University and other government buildings.




The bench headed by justice Kant took up the matter for the first time after it was last heard by a bench headed for former chief justice of India (CJI) DY Chandrachud in November. Confronted with the FSI report revealing that 1,670 trees had illegally been chopped, the bench said, "Admittedly there is felling of trees. Our first concern is to ensure whatever damage is done should be compensated. This will be our first priority."

The contempt petitioner represented by senior advocate Gopal Sankaranarayanan and advocate Manan Verma pointed out that following orders of the court, physical inspection of the site was conducted and there has been replanting of trees. However, Sankaranarayanan said that the aspect of contempt should be gone into as the encroachment of ridge has taken place without court's sanction. "The road cuts into the ridge and the forest area and it is being done to protect some affluent farmhouses."

The bench said, "We will see what is to be done with regard to contempt. It is something between the contemnor and the court." The bench directed the petitioner to keep the photographs showing replantation and the site plan of the area ready on the next date.

For the DDA, senior advocate Vikas Singh submitted that the agency plans to replant more than the number of trees felled in order to compensate the damage to the green cover. He reminded the bench that a balance should be struck between competing needs of protecting the environment and setting up a multi-speciality hospital.

In the past, the court passed several directions to ascertain whether the top officials in the DDA were aware about the chopping of trees much before permission of the court was taken. The bench had even asked the Delhi lieutenant governor (L-G) Vinai Kumar Saxena in his capacity as chairman of DDA to clear the air on his own role in the matter.

In his response, the LG initially claimed he first came to know only in June about the cutting of trees and was not informed during his site visit to the area in February about prior permission required from court before the actual felling of trees. He claimed he came to know about the need for a permission only in March. When confronted with a letter written by DDA in April that indicated that he was aware that the trees had been cut, he eventually clarified that he knew in April that the trees had been cut, but came to know only in June that it was carried out on February 16, shortly after his site visit.

DDA has sought to pin the blame on executive engineer Manoj Kumar Yadav, and two assistant engineers Pawan Kumar and Ayush Saraswat.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times | NEW DELHI WEDNESDAY DECEMBER 11, 2024

# Fresh front in BJP, AAP spat over 'Sheesh Mahal'

HT Correspondent
htreporters@hindustantimes.com


**NEW DELHI:** The Bharatiya Janata Party (BJP) on Tuesday intensified its attack on the Aam Aadmi Party (AAP), targeting its national convener Arvind Kejriwal with a four-minute video and a parody song on fittings and furnishings installed at the 6, Flag Staff Road bungalow during his stay there during his tenure as the chief minister.

The AAP hit back at the BJP, terming it a "tactic" to divert the attention of Delhi people from "worsening law and order situation".

Delhi BJP chief Virendra Sachdeva, who has often termed the bungalow "Sheesh Mahal" and "palace of corruption" during Kejriwal's stay there, released the song and video, which purportedly showcases the bungalow gate and interiors, including a lawn, gym, spa-cum-bathroom and a jacuzzi, among others, on X.

Sachdeva posted: "We have been telling you the truth about the Sheesh Mahal of the person who calls himself a common man Arvind Kejriwal... He has built a 7-star resort for himself by embezzling public money. Amazing Gym-Sauna Room-Jacuzzi Price! Marble Granite Lighting worth ₹1.9 cr. Installation worth ₹1.5 Cr. Gym/Spa equipment and fittings worth ₹35 Lakh and total expenditure of ₹3.75 cr. How are those who swore and falsely promised not to take government house, car, security are looting the money of Delhi's taxpayers."

He said that the funds for the gym and spa section, instead, could have provided for "34 EWS DDA flats, 156 LIG flats and 150 CNG auto-rickshaws".



The 6, Flagstaff Road bungalow at Civil Lines. VIPIN KUMAR/HT PHOTO

The Flag Staff Road bungalow has been at the centre of a controversy since 2023, over expenses on its renovation. BJP leaders alleged that the Arvind Kejriwal government spent ₹45 crore renovating the house. After Kejriwal vacated the premises following his resignation as the CM, Atishi moved in but she was subsequently forced to vacate as the Public Works Department said it was not formally alloted to her. The BJP has continuously played up the controversy, counting on it as a poll plank in the run-up to the Delhi Assembly elections.

Sachdeva said: "This was the 'sheesh mahal' which Kejriwal wanted to hide from the people of Delhi. We have shown the first video of it. It is not a CM residence, it is a museum of corruption. They should open it for the people."

BJP MP Praveen Khandelwal said: "Kejriwal's 'Sheesh Mahal' is a blot on the democracy of the country. The 'Sheesh Mahal' has demolished the narrative of 'Aam Aadmi' set by Kejriwal."

BJP MP Kamaljeet Sehrawat alleged that crores of rupees from public funds were used on the house, and Kejriwal defrauded the people of Delhi. "AAP leaders should be ashamed that when the nation was going through Covid-19, they were making 'Sheesh Mahal'. Kejriwal has committed a huge fraud against the people of Delhi," she said.

In an official statement, the AAP said: "Ever since Arvind Kejriwal started raising the issue of Delhi's worsening law and order, the BJP has tried to divert attention by fixating on the official residence of the Delhi CM. Arvind Kejriwal does not live in that house anymore. It has been more than three months since he vacated it."

Hitting out at the BJP over a rise in crimes, the AAP said: "While Delhiites live in fear, unsafe even in their own homes, BJP leaders openly say that law and order is not an issue to them, failing their most basic duty—public safety. Instead of addressing this crisis, the BJP runs a smear campaign with its 'Kejriwal Hatao' agenda, while Arvind Kejriwal remains focused on 'Delhi Bachao'."

## KEJRIWAL WILL GET TYPE 7 BUNGALOW WHEN AVAILABLE, SAYS ML KHATTAR

HT Correspondent
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Union housing and urban affairs minister Manohar Lal Khattar on Tuesday said that a government accommodation will soon be allotted to Aam Aadmi Party (AAP) chief Arvind Kejriwal—which he is entitled to as the chief of a national party—as soon as the bungalow in the applicable category is available.

Responding to a query at a press conference, Khattar said that as the president of a national party, Kejriwal is entitled to a "Type 7" bungalow. However, all "Type 7" bungalows are currently occupied, he said.

"At present, we only have Type 5 and 6 bungalows available, but there is currently no availability of Type 7 bungalows. Kejriwal will be allotted a Type 7 bungalow as soon as it is available," Khattar said.

The Aam Aadmi Party (AAP) has been demanding a central government accommodation for Kejriwal, asserting that he was entitled to it as the convener of a national party.

In early October, Kejriwal left 6, Flag Staff Road after resigning as the chief minister of Delhi, and the party demanded that MoHUA allocate an appropriate government accommodation.

Kejriwal, who resigned as the Delhi CM in September, shifted to AAP Rajya Sabha MP Ashok Mittal's official residence at 5, Firoz Shah Road in October.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, DECEMBER 11, 2024 -----DATED-------------------

# Provide CBI Info For Probe, HC Tells DDA

## Case Relates To 'Lapses' In Signature View Apts

Abhinav Garg & Vibha Sharma | TNN

**New Delhi:** Delhi High Court has asked Delhi Development Authority to cooperate and furnish all information sought by CBI to conduct its probe into alleged lapses in the construction of 336 multistoreyed HIG/MIG houses at Signature View Apartments in north Delhi.

In a recent order, Justice Chandra Dhari Singh factored in the submission of CBI that despite reminders, DDA has not yet informed it if any internal inquiry was conducted to fix responsibility nor has it furnished the names of officials involved so that the investigating agency can proceed with its criminal probe.

"Taking into consideration all the submissions made, this court is of the view that CBI may send a notice in writing to the competent authority of DDA for the purpose of initiation of inquiry, and on receipt of the said notice, the competent authority of DDA is directed to cooperate and supply the material as mentioned in the said notice to CBI at the earliest," HC directed.

The court further made it clear that if during the internal inquiry, the names of DDA's officials/officers cropped up, the civic body "shall give approval under Section 17A of PC Act at the earliest for the completion of the inquiry expeditiously."

HC was reviewing the progress in the case, filed after lieutenant governor last year requested CBI to register it against all concerned, including the contractors, the testing agencies, DDA officials, and unknown persons, for the offences of "cheating, criminal breach of trust, endangering the life and safety of others" and under relevant provisions of Prevention of Corruption Act.

CBI submitted that prior to launching the investigation, DDA said it would conduct an internal inquiry and provide the details as well as prosecution sanction for guilty officials, but despite the last reminder in July, no communication had come.

On behalf of DDA, standing counsel Sanjay Katyal assured HC that the civic body had no hesitation in cooperating with CBI and whatever material documents were required, including sanctions, would be provided.

The court was hearing a plea that argued that despite LG's directions in Jan 2023, no progress had been made. Meanwhile, residents of Signature View Apartment, including the two groups who filed two separate writ petitions concerning the complex's redevelopment and enhanced FAR allocation, continue to await the court's verdict.

"HC's order is reserved for the last four months as the hearing happened on Aug 12, and we are keenly awaiting the verdict so that the demolition and reconstruction process can start. The lack of clarity has led people who moved out expecting that the redevelopment work would start anytime soon to begin offering their flat on rent. Nobody can pay both the rent and the EMI," said Amarendra Rakesh, president of its RWA. He also highlighted the continued incidents of plaster falling from the roof, etc.

An IIT report had declared the society as structurally unsound, leading LG to instruct DDA in Jan 2023 to "immediately vacate, dismantle and rebuild the towers". However, the work has not started due to the ongoing cases.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS-- हिन्दुस्तान -- नई दिल्ली बुधवार 11 दिसंबर 2024 DATED--


### भाजपा ने वीडियो जारी करके निशाना साधा, आप का पलटवार

# पूर्व मुख्यमंत्री के बंगले पर फिर घमासान छिड़ा

**आमने-सामने**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। भाजपा ने मंगलवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास का वीडियो जारी कर एक बार फिर आम आदमी पार्टी को घेरने का प्रयास किया।

प्रदेश कार्यालय पर वीडियो जारी करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आवास पर दिल्ली के करदाताओं का पैसा खर्च किया गया है। सचदेवा ने कहा कि एक तरफ आप आम आदमी की बात करती है तो दूसरी तरफ इस तरह के आवास को आम जनता से दूर रखा गया।

सचदेवा ने कहा कि इसमें लाइटिंग से लेकर बाथरूम तक महंगे सामान लगाए गए हैं। भाजपा ने दावा किया कि इस रकम से डीडीए के 34 ईडब्ल्यूएस फ्लैट या 15 एमआईजी फ्लैट बन सकते थे। इसके साथ रोजगार के लिए 150 सीएनजी ऑटो या 326 ई-रिक्शा खरीदे जा सकते थे। सचदेवा ने कहा कि फर्श और दीवारों पर महंगा मार्बल लगाया गया। सचदेवा ने कहा कि इस आवास से साफ है कि आम आदमी की बात करने वाली पार्टी खास है। सचदेवा ने कहा कि वीडियो ने आप के चेहरे से नकाब उतार दिया है। अब दिल्ली की जनता को सोचना है कि कैसे एक पार्टी ने उनका वोट लेकर करदाताओं के पैसों को बर्बाद किया है।



दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को पूर्व सीएम के बंगले का वीडियो जारी करके आरोप लगाया कि इसकी साज-सज्जा पर करदाताओं का पैसा बर्बाद किया गया है। हालांकि हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।-तस्वीरें वीडियो से

### कानून व्यवस्था से ध्यान भटकाने की कोशिश : आप

आम आदमी पार्टी ने भाजपा द्वारा जारी मुख्यमंत्री आवास के वीडियो पर पलटवार किया है। आप का कहना है कि जब से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाना शुरू किया है, तब से भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर ध्यान केंद्रित करके ध्यान भटकाने की कोशिश की है। अरविंद केजरीवाल अब उस घर में नहीं रहते हैं। उसे खाली किए हुए तीन महीने से ज्यादा समय हो गया है। उसके बाद भी भाजपा के लिए मुद्दा है। यह अब दिल्ली के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास नहीं है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 11 दिसंबर, 2024 ----DATED--------------------

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीडियो जारी कर कहा, 'शीशमहल' में धन का दुरुपयोग

# सीएम आवास पर फिर तकरार

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि छह फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सात सितारा होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अपने आप को आम आदमी बताने वाले अरविंद केजरीवाल की सच्चाई सामने आ रही है कि किस तरह उन्होंने सरकारी फंड का दुरुपयोग किया। आप ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा रहे हैं। इससे ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। वह मुख्यमंत्री का सरकारी आवास है। केजरीवाल अब उस घर में नहीं रहते हैं।

सचदेवा ने कहा कि दिल्लीवासियों को मुख्यमंत्री आवास से दूर रखा गया, जिससे कि लोग सच्चाई नहीं जान सके। शीशमहल की लाइटिंग और शौचालय पर खर्च राशि से आम आदमी के लिए डीडीए के 34 ईडब्ल्यूएस या 15 एलआइजी फ्लैट या 150 सीएनजी आटो या 326 ई- रिक्शा खरीदे जा सकते हैं। 'शीशमहल' के वीडियो से पता चलता है कि उन्होंने दिल्लीवासियों से झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त की है। शौचालय और जिम में महंगे उपकरण लगाए गए। अब दिल्लीवासी भ्रष्टाचारियों को हटाकर दिल्ली में एक पारदर्शी सरकार लाने के लिए मतदान करेंगे।

आप ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। लोग अपने घर में भी असुरक्षित हैं। भाजपा नेता खुलेआम कहते हैं कि कानून व्यवस्था उनके लिए कोई मुद्दा नहीं है। दिल्ली में कानून व्यवस्था का दायित्व केंद्रीय गृह मंत्री का है। लेकिन, उन्होंने दिल्ली को विश्व का सबसे खतरनाक शहर बना दिया है। इस संकट का समाधान करने के बजाय, भाजपा अपने 'केजरीवाल हटाओ' एजेंडे के साथ उन्हें बदनाम करने का अभियान चला रही है।

## 'केजरीवाल के लिए बंगला अभी खाली नहीं'

- शहरी विकास मंत्री ने कहा कि टाइप पांच व छह के बंगले खाली, लेकिन सात का नहीं
- राष्ट्रीय पार्टी के मुखिया होने के नाते टाइप सात बंगले की पात्रता रखते हैं केजरीवाल



छह फ्लैग स्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री का आवास • वीडियो ग्रैब

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को अब तक सरकारी बंगला न मिलने पर मंगलवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने सफाई दी और कहा कि केजरीवाल की पात्रता टाइप सात के बंगले की है लेकिन अभी टाइप सात का कोई बंगला खाली नहीं है। बावजूद इसके उनकी पात्रता के बंगले की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें उनकी पात्रता का बंगला दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की यह सफाई मंगलवार को केजरीवाल के बंगले को लेकर उनके पूछे गए सवाल के जवाब में दी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की ओर से इस संबंध में एक मांग पत्र भी आया है। लेकिन केजरीवाल की जो पात्रता है उस पात्रता का बंगला अभी खाली नहीं है। उनके पास अभी टाइप पांच और छह श्रेणी के बंगले खाली हैं, जो उनके अनुकूल नहीं हैं। मंत्रालय उनकी पात्रता के मुताबिक सरकारी आवास मुहैया कराने के लिए काम कर रहा है। जल्द ही उन्हें उनकी पात्रता का बंगला मिल जाएगा। मंत्री ने बताया कि सरकारी बंगलों के आवंटन की जो पात्रता है, उनमें राष्ट्रीय पार्टी के मुखिया को टाइप सात का बंगला मिलता है। जो केजरीवाल को भी मिलेगा। गौरतलब है कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब बंगला न दिए जाने को लेकर आप सवाल उठा रही है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, बुधवार, 11 दिसंबर 2024 ----DATED-------------------

# बस मार्शलों के लिए योजना नहीं लाई सरकार : एलजी

## वार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। बस मार्शलों के मुद्दे पर उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली सरकार कभी भी बस मार्शलों के लिए कोई योजना लेकर नहीं आई है। उन्होंने केवल मौखिक रूप से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को बस मार्शल घोषित कर लोगों को मूर्ख बनाया है।

उप राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से बस मार्शलों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी के तौर पर रोजगार के लिए ठोस योजना बनाने और उनके वेतन आदि पर कैबिनेट निर्णय लेने को कहा है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री को ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए

एलजी ने कहा है कि आप सरकार की ओर से बस मार्शलों के मुद्दे पर कोई भी योजना प्रस्तुत नहीं की गई है। पिछले साल तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल की सिफारिश पर ही उनकी सेवा समाप्त की गई थी। उप राज्यपाल ने बस मार्शलों को फिर से रोजगार देने के लिए जल्द से जल्द वैकल्पिक योजना बनाने को कहा है। उप राज्यपाल ने कहा कि बस मार्शल के रूप में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रोजगार के लिए ठोस योजना बननी चाहिए। उनके वेतन के लिए बजट प्रदान करने और कैबिनेट द्वारा उस पर निर्णय लिया जाना चाहिए।

**जनता को प्राथमिकता दे डीडीए :** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने विकास सदन परिसर में एम.विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराज्यपाल ने डीडीए स्टाफ को सलाह दी कि अपने कामकाज में जनहित को सबसे अधिक प्राथमिकता दें।

## भाजपा गुमराह कर रही : भारद्वाज

### पलटवार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर बस मार्शलों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश के तहत बस मार्शलों को एक साल पहले निकाल दिया गया था। अब भाजपा उन्हें यह कहकर गुमराह कर रही है कि भर्ती करने के अधिकार दिल्ली सरकार के पास हैं। जबकि मुख्य सचिव और परिवहन आयुक्त लिखित में दे चुके है कि भर्ती प्रक्रिया का अधिकार एलजी के अधीन आता है।

भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता बस मार्शलों से कह रहे हैं कि यदि दिल्ली कैबिनेट के मंत्री बस मार्शलों को दोबारा से बहाली के लिए कह दें तो उपराज्यपाल सभी बस मार्शलों को उनके पद पर दोबारा से बहाल कर देंगे। हम बताना चाहते हैं कि दस दिन पहले ही दिल्ली सरकार के मंत्रियों की कैबिनेट ने दोबारा से एक प्रस्ताव बस मार्शलों को पुनः बहाली के लिए उपराज्यपाल महोदय को भेजा है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 11 दिसंबर 2024 ED------- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 11 दिसंबर, 2024

# रिज इलाके में पेड़ कटाई से जिन्हें फायदा हुआ, उनकी लिस्ट मांगी

AI Image



■ विस, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के रिज इलाके मे पेड़ो की अवैध कटाई के कारण लाभान्वित होने वाले अमीर लोगो की सूची पेश करने को कहा है। साथ ही वनरोपण के लिए साइट योजना भी पेश करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच को बताया गया कि सड़क चौड़ीकरण के कारण बड़े लेवल पर पेड़ काटे गए है जिनसे कई संपन्न लोगो को लाभ हुआ है।

अदालत ने कहा कि हम उन सभी धनी व्यक्तियो की सूची चाहते है, जिन्हे इसका लाभ मिला। साथ ही हम यह जानना चाहते है कि वनरोपण के लिए कौन सी जगह का चयन किया गया है। जो भी नुकसान हुआ है, उसे बहाल करना होगा। हम इन सभी विवरणो की मांग करते है। इस मामले मे पिछली सुनवाई मे 7 नवंबर 2023 को अदालत ने DDA से पूछा था कि दिल्ली रिज क्षेत्र को पुनर्स्थापित करने के लिए क्या उपाय किए गए है। अदालत ने यह भी कहा था कि लगाए गए पेड़ो के बचने की निगरानी के लिए एक प्रणाली स्थापित की जाएगी और पूछा था कि क्या इस संबंध मे कोई स्वतंत्र मैकेनिज्म मौजूद है। याचिका मे उन अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है, जिन्होने कथित तौर पर पेड़ो की अवैध कटाई की अनुमति दी।

# LG की DDA को सलाह, लोगों के हितों का ध्यान पहले

■ विस, नई दिल्ली : दिल्ली के विकास में डीडीए के योगदान की अहमियत को देखते हुए एलजी वी के सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए स्टाफ को सलाह दी कि वे अपने आधिकारिक कर्तव्यों के दौरान लोगों के हितों का ध्यान सबसे पहले रखें। वह डीडीए हेडक्वार्टर के निरीक्षण पर थे। उन्होंने हाल ही के दिनों में डीडीए के उल्लेखनीय योगदान पर कहा कि इससे लोगों के बीच डीडीए की छवि सुधरी है।

**मंगलवार को एलजी ने डीडीए हेडक्वार्टर का दौरा किया**

उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक मेजबानी के लिए राजधानी को तैयार करना, यमुना का पुनरुद्धार करना, बांसेरा और असिता ईस्ट जैसे मनोरंजक हरित स्थानों का निर्माण करना, वासुदेव घाट, महरौली पुरातत्व पार्क और सेंट जेम्स चर्च जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थनों का जीर्णोद्धार डीडीए ने पिछले कुछ समय में किया है। एलजी वी के सक्सेना ने घर खरीदारों को सभी जरूरी सुविधा देने के लिए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर डीडीए के आवास कियोस्क का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया। उन्होंने जी-20 के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डीडीए अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए।

# डीडीए बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता में रखे : एलजी

वि, नई दिल्ली: एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने घर खरीदारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर डीडीए के आवास कियोस्क का आनलाइन उद्घाटन किया। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डीडीए के अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए।



वीके सक्सेना, एलजी, दिल्ली

सक्सेना डीडीए को सार्वजनिक सुविधा को प्राथमिकता देने वाले स्थानों का निर्माण करने, सुविधाओं को बढ़ाने और दिल्ली के बुनियादी ढांचे के विकास के काम को प्राथमिकता के तहत करने, दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत गैर-शहरी गांवों का विकास और हरित शहर के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत पर डीडीए कर्मचारी पीएम उदय कैंप लगाकर सराहनीय काम कर रहे हैं। इससे सकारात्मक माहौल बना है और हजारों लोग दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में अपनी संपत्तियों का मालिकाना हक पाने के कैंप में पहुंच रहे हैं।

नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली। बुधवार, 11 दिसंबर 2024

# फ्लैग रोड के आलीशान बंगले को दिखाकर BJP ने AAP को घेरा

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहा है दिल्ली BJP अपनी रणनीतियों को धार दे रही है। बतौर सीएम अरविंद केजरीवाल जिस आलीशान बंगले में रह रहे थे, मंगलवार को उसे दिखाकर BJP नेताओं ने उन्हें घेरने की कोशिश की। दिल्ली BJP प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बंगला 7 स्टार रिसॉर्ट की तरह है, जिसे लोगों के सैकड़ों करोड़ टैक्स के पैसे खर्च कर केजरीवाल ने बनवाया। सचदेवा के अनुसार पूर्व सीएम केजरीवाल ने जितने पैसे इस आलीशान बंगले को बनवाने में खर्च किया, उतने में 34 EWS फ्लैट या DDA के 15 LIG फ्लैट खरीदे जा सकते थे। इस आलीशान बंगले को पूर्व सीएम हर हाल में लोगों की नजरों से दूर रखना चाहते थे, ताकि लोग बंगले को देखकर उनके आम आदमी होने पर शक न करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल देश के पहले ऐसे सीएम रहे हैं जो अपना सरकारी आवास लोगों की नजरों से दूर रखना चाहते थे। मकसद सिर्फ इतना था कि जनता के बीच वर्षों से जो आम आदमी का ढोंग किया है, उसका पोल न खुल जाए।



वीरेंद्र सचदेवा

वहीं, इस पर आप ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जब से केजरीवाल ने बिगड़ती कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाना शुरू किया है, बीजेपी का पूरा जोर ध्यान भटकाने और दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर केंद्रित करने में लग गया है। अरविंद केजरीवाल अब उस घर में नहीं रहते।